Reg. No. | | | | | | | | | |

BCAHDL 104

Credit Based First Semester B.C.A. Degree Examination, November/December 2015
(2015 – 2016 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE
Group – I (Paper – I)

Time : 3 Hours

Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए। (1×5=5)

1) आग जेब में रखने से क्या होगा ?

2) तिनका आदमी को किसे ले आने की बात कहता है ?

3) खेत में किसके पंजर गलते हैं ?

4) गाँव का जोगी-जोगडा धूल छानकर कितने सालों बाद लौटा है ?

5) कोन्ती के शरीर के पास कौन बैठा था ?

II. किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (5×3=15)

अ) और तुम लोग जो भी हो, तुमसे मुझे सहारा चाहिए
अपनी जड़ से जुडे रहने के लिए
अपनी देह में खडे रहने के लिए
और साथ ही एक छोटी-सी विनम्रता और है कि
मेरी जड़ आदमी के संकल्प में है, उसके पाजामे में नहीं।

आ) यह भूख भी ससुर अत्यन्त विचित्र वस्तु है
जब लगती है तो उदर में
लंका दहन होने लगता है और हमारी
भभूत-रमी काया
बिरजू महाराज बन कर
तांडव नृत्य, भरत नाट्यम, कथकलि, ओडिसी,
कुचिपुडि की सारी मुद्राएँ
आपै आप बनाने लगती है।

P.T.O.

इ) जा कर कहेंरो बहुओं से
बहनों से, बेटियों से,
कि वे भयगीत न हो,
रोज के अत्याचारों से
बागपत, बेलछी, शिवरामपुर, खरखेडा और
तमाम कई नामों से,
आँसू न बहायें
कातर न हों।

ई) चौथा जो माना जाता था दाहिना हाथ
निकल कुछ अधिक दुनियादार कि दिखा
उसकी पत्नी के काँधे को थपथपाते
आँखों में उसकी एक दूसरी चमक थी।

(10x1=10)

III. अ) 'एक शब्द तिनका' कविता का सार को लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

गाँव की दुस्थिति का विवरण उदय प्रकाश कैसे करते हैं ? पठित काव्य के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(10x1=10)

आ) 'गौरा' रेखाचित्र का सारांश को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'शिवजी का सच्चा स्वरूप' एकांकी का सार लिखिए।

IV. टिप्पणी लिखिए :

(5x1=5)

अ) तिनका किस किस रूप में अपने को देखता है।

अथवा

बैरगी गाँव आने से पहले की स्थिति।

(5x1=5)

आ) श्यामा।

अथवा

फाउणटेनपेन का प्रसंग।

V. 1) किन्हीं **दो** का उत्तर लिखिए : **(5×2=10)**

अ) कर्म के अनुसार क्रिया के दो भेदों को उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

आ) भूतकाल के भेदों को सोदाहरण समझाइए।

इ) कारक के पाँच भेदों को उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

ई) 'ने' प्रत्यय के किन्हीं तीन नियमों को सोदाहरण लिखिए।

2) वाक्य शुद्ध कीजिए : **(1×5=5)**

अ) वे पुस्तक पढ़ता है

आ) आपको दवा लेना चाहिए

इ) वह आये हो

ई) राम रोटी खाया

उ) उसने प्रश्न करने लगा।

3) सुधा पुस्तक केन्द्र मैसूर की ओर से गलत माल भेजने के बारे में अनिल पुस्तक केन्द्र दिल्ली को एक शिकायती पत्र लिखिए। **(5×1=5)**

अथवा

भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की ओर से सभी राज्य के शिक्षा मंत्रालयों को 'हिन्दी भाषा प्रोत्साहन योजना' के सम्बन्ध में एक परिपत्र लिखिए।

4) निम्नलिखित मुहावरे का **सही** अर्थ लिखिए। **(1×5=5)**

अ) अंग-अंग ढीला होना

आ) रस लूटना

इ) सनीचर सवार होना

ई) चक्कर खाना

उ) तकलीफ उठाना

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (5×1=5)

अ) Hindi is the national language of India

ಹಿಂದಿ ಭಾರತದ ರಾಷ್ಟ್ರ ಭಾಷೆಯಾಗಿದೆ.

आ) Delhi is the capital of India.

ದಿಲ್ಲಿಯು ಭಾರತದ ರಾಜಧಾನಿಯಾಗಿದೆ.

इ) The sun sets in the West.

ಸೂರ್ಯನು ಪಶ್ಚಿಮ ದಿಕ್ಕಿನಲ್ಲಿ ಮುಳುಗುವನು.

ई) Taj Mahal is a beautiful monument.

ತಾಜ್‌ಮಹಲ್ ಸುಂದರ ಸ್ಮಾರಕವಾಗಿದೆ.

उ) There are many rivers in our country.

ನಮ್ಮ ದೇಶದಲ್ಲಿ ತುಂಬಾ ನದಿಗಳಿವೆ.